इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, शुक्रवार, 13 नवम्बर 2026

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

वर्ष 19 अंक 70 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

तापमान - अधिकतम 29.4°C (+0.1) न्यूनतम 15.6°C(+1.8) सेंसेक्स 81,911.01 (+31.61) निफ्टी 25,299.35 (+44.30) सोना 1,39,150 चांदी 2,00,000 मुद्रा - डालर 94.01 दिरहम 25.59 रियाल 25.07

एरा महोत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

बैडमिंटन और कैरम में छात्रों ने जीते मुकाबले



लखनऊ (सं)। पढ़ाई के साथ खेलों में प्रतिभा दिखाने के लिए एरा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को मंच मिल रहा है। विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव एरा महोत्सव-2026 के तहत बुधवार को बैडमिंटन और कैरम प्रतियोगिताएं हुईं। विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों में जीत को लेकर उत्साह नजर आया।

कैरम प्रतियोगिता में अबू सदाइन और मुंतजिर हुसैन की जोड़ी के साथ नंदनी पटेल और मारिया ने जीत दर्ज की। वहीं, बैडमिंटन के महिला और पुरुष एकल वर्ग में नम्रता पटेल, सना सकीना, मोहम्मद सादिक और मोहम्मद शफान ने अपने-अपने दो लीग मुकाबले जीतकर बेहतर प्रदर्शन किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 16 नवंबर को खेला जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार खेल गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस के साथ अनुशासन, धैर्य, टीम भावना और आपसी सम्मान की भावना विकसित करना है। प्रतियोगिताओं के दौरान शिक्षकों और साथी विद्यार्थियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में रेफरी डॉ. मोहम्मद काशिफ खान और राहुल तथा इवेंट प्रभारी सुहेब अंसारी और मोहम्मद आसिम की भूमिका रही। स्पोर्ट्स कमेटी के प्रभारी डॉ. शल्लभ कुमार सिंह ने विजेताओं को बधाई देते हुए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।